# श्राइन बोर्ड के विरोध में तीर्थ पुरोहितों ने किया विस कूच

**विरोध**

## पुलिस ने रोका तो जमकर हुई धक्का–मुक्की

**संवाददाता**

देहरादून। श्राइन बोर्ड के गठन का विरोध जारी रखते हुए देवभूमि तीर्थ पुरोहित महापंचायत आज फिर से विधानसभा कूच के लिए निकली। इस दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। जहां पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोकने का प्रयास किया। पुलिस ने उन्हें रोका तो जमकर धक्का–मुक्की भी हुई। पुलिस ने लाठियां फटकार कर प्रदर्शनकारियों को पीछे धकेला, जिसके बाद प्रदर्शनकारी वहीं धरने पर बैठ गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

महापंचायत के महामंत्री हरीश डिमरी के मुताबिक सरकार श्राइन बोर्ड के गठन को लेकर तीर्थ पुरोहितों को विश्वास में लेने की कोई कोशिश नहीं कर रही हैं। श्राइन बोर्ड के विरोध में ही तीर्थ पुरोहित एक बार पहले भी विधानसभा कूच कर चुके हैं। सीएम आवास पर भी प्रदर्शन किया जा चुका है। बोर्ड गठन के विरोध में तीर्थ पुरोहितों ने विधानसभा कूच किया, जहां पर पहले से तैनात पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोकने का प्रयास किया। पुलिस ने उन्हें रोका तो वह उनसे उलझ गए। इस दौरान जमकर धक्का–मुक्की भी हुई। पुलिस ने लाठियां फटकार कर प्रदर्शनकारियों को पीछे धकेला, जिसके बाद प्रदर्शनकारी वहीं सड़क पर धरने पर बैठ गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। तीर्थ पुरोहितों का कहना है किसी भी सूरत में श्राइन बोर्ड का गठन नहीं होने दिया जाएगा। सरकार उनके अधिकारों को समाप्त करने पर तुली हुई है। आरोप लगाया कि सरकार श्राइन बोर्ड का गठन कर चार धाम का व्यवसायीकरण करने जा रही है। महापंचायत के संयोजक सुरेश सेमवाल ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने हजारों तीर्थ पुरोहितों व हकहकूक धारियों के साथ अन्याय किया है। महापंचायत के महामंत्री हरीश डिमरी ने कहा कि श्राइन बोर्ड केंद्र सरकार के इशारे पर बनाया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार अपने रुख पर कायम रही तो आगामी यात्राकाल में तीर्थ पुरोहित व हकहकूक धारी सदियों से चली आ रही परंपराओं को तोड़ने के लिए बाध्य होंगे। इसके साथ ही गैरसैंण राजधानी की मांग को लेकर राजधानी गैरसैंण निर्माण समिति के सदस्यों ने विधानसभा कूच किया।

वहीं सेलाकुई में शीशम बाड़ा कूड़ा निस्तारण प्लांट हटाने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने विधानसभा कूच किया। आंदोलनकारियों का कहना है कि प्रदेश सरकार स्थानीय लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रही है। लोगों के प्रदर्शन के बावजूद अब तक प्लांट पर कोई निर्णय नहीं लिया जा सका है।




विधानसभा कूच के दौरान प्रदर्शनकारी तीर्थ पुरोहितों को रोकते पुलिस।


# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**




## जिलाधिकारी बेरोजगार युवाओं को दे रहे हैं रोजगार की टिप्स

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। स्थानीय युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार देने के उद्देश्य से यंग फार्मर स्कूल के माध्यम से डीएम मंगेश घिल्डियाल रोजगार की टिप्स युवा बेरोजगारों को दे रहे हैं। पहाड़ में रोजगार सृजन कर अच्छी आमदनी कैसे की जा सकती है, पलायन कर रहे युवाओं की महानगरों में क्या स्थिति है, इसकी जानकारी दी जा रही है। जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग मंगेश घिल्डियाल ने युवाओं को बताया कि समय रहते पहाड़ के युवाओं को यह समझना होगा कि वे पहाड़ से महानगरों की ओर रुख करने से पहले स्वरोजगार की संभावनाओं का मूल्यांकन करने के पश्चात ही गांव से बाहर अपना कदम बढ़ाएं, अर्थात उच्च शिक्षा, तकनीकी ज्ञान और अच्छी नौकरी सुनिश्चित होने के बाद ही जाने का मन बनाएं।

## अब स्पेशल मास्क पहनकर ड्यूटी करेंगे ट्रैफिक पुलिसकर्मी

**संवाददाता** देहरादून। शहर के चौराहों और ट्रैफिक सिग्नल पर यातायात संचालन के दौरान यातायात पुलिसकर्मियों को धुंए और प्रदूषण की मार झेलनी पड़ती है, लेकिन अब यातायात का संचालन करने वाले पुलिसकर्मी मास्क लगाए नजर आएंगे। एसएसपी के निर्देशन पर यातायात पुलिस ने उच्च क्वालिटी के 200 मास्क खरीद कर यातायात पुलिसकर्मियों को वितरित किये हैं। पिछले दिनों एसएसपी ने शहर में यातायात व्यवस्था का जायजा लिया था। इस दौरान शहर के व्यस्त चौराहों जैसे सहारनपुर चौक, अग्रसेन चौक, तहसील चौक, सर्वे चौक, दर्शनलाल चौक और मंडी चौक पर यातायात का संचालन कर रहे। पुलिसकर्मियों को धूल और धुंए के प्रदूषण की मार झेलनी पड़ रही थी। एसएसपी ने इस बात को गंभीरता से लेते हुए 200 मास्क ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के लिए खरीदने के आदेश दिए थे। एसएसपी अरुण मोहन जोशी ने बताया कि सभी यातायात पुलिसकर्मियों को मास्क वितरित कर दिए गए हैं। मास्क खरीदने की जिम्मेदारी एसपी ट्रैफिक को दी गई थी।

## न्यूज डायरी

### भाजपा में मंडल अध्यक्षों, जिला प्रतिनिधियों के चक्कर काट रहे हैं जिलाध्यक्ष पद के दावेदार

**(संवाददाता)** देहरादून। अक्सर कहा जाता है कि जमीनी कार्यकर्ता राजनीतिक पार्टियों के लिए भगवान होता है। पार्टियों के लिए यह कार्यकर्ता भगवान हों या न हों लेकिन बीजेपी जिला अध्यक्ष बनने का ख्वाब देख रहे कुछ नेताओं के लिए आजकल यह कार्यकर्ता भगवान से कम नहीं है क्योंकि इन्हीं की राय में टिकी है इनकी किस्मत। इसलिए बड़े नेता छोटों के दरबार पर हाजिरी लगा रहे हैं। सर्द मौसम के बीच उत्तराखंड में सत्तारूढ़ बीजेपी के भीतर सियासी पारा गर्म है। संगठन चुनावों के दौर से गुजर रही पार्टी मंडल अध्यक्षों और जिला प्रतिनिधियों के नामों की घोषणा कर चुकी है और अब बारी है जिलाध्यक्षों की। इनके नाम का अंतिम फैसला पार्टी आलाकमान मंडल अध्यक्षों और जिला प्रतिनिधियों से रायशुमारी के बाद ही करता है। यही वजह है कि जिलाध्यक्ष की रेस में शामिल सभी नेता अब मंडल–मंडल घूम कर अपने पक्ष में माहौल बना रहे हैं।

### प्याज के बाद अब महंगा हुआ अंडा

**(संवाददाता)** देहरादून। प्याज के बाद अब अंडे के दामों में उछाल देखने को मिल रहा है। महंगाई की मार में प्याज लोगों को पहले ही आंसू रुला रहा है, लेकिन अब ठंड के बढ़ते ही अंडे की डिमांड बढ़ गई है, जिससे अंडे के रेट में इजाफा हो गया है। ऐसे में बाजारों में अंडे महंगे बिक रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि अंडे की कीमतों में 2 से 3 तीन रुपये की वृद्धि हो गई है। वहीं ठंड के चलते तापमान में लगातार गिरावट देखी जा रही है। ऐसे में लोगों का पसंदीदा नाश्ता ब्रेड आमलेट है, लेकिन अब आमजन को इसके लिए भी अधिक जेब ढीली करनी पड़ेगी। जबकि पहले ही महंगाई ने लोगों के किचन का बजट बिगाड़ दिया है। ऐसे में अंडे के रेट में प्रति दर्जन 10 से लेकर 12 रुपये तक की वृद्धि हो चुकी है। बताया जा रहा है कि जैसे–जैसे ठंड बढ़ेगी, वैसे–वैसे अंडे की डिमांड और बढ़ेगी। गौरतलब है कि उत्तराखण्ड में अंडे की डिमांड ज्यादा है, जिसमें अधिकतर अंडे का व्यापार उत्तर प्रदेश से किया जाता है।

### डीएम 11 को लेंगे मासिक बैठक

**(संवाददाता)** अल्मोड़ा। अपर जिलाधिकारी बीएल फिरमाल ने बताया कि 11 दिसम्बर को प्रातः 10:00 बजे से शान्ति एवं कानून व्यवस्था, राजस्व, वसूली आदि कार्यों की मासिक स्टाफ बैठक जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार, अल्मोड़ा में आयोजित की जायेगी। उन्होंने समस्त जनपदस्तरीय अधिकारियों को इस बैठक में यथा समय यथा स्थान प्रतिभाग करने के निर्देश दिये है।

## कांग्रेसियों ने सादगी से मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन

**संवाददाता** हरिद्वार। महानगर कांग्रेस कमेटी हरिद्वार के तत्वधान में आज अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन बहुत सादगी के साथ सैनी आश्रम ज्वालापुर के हॉल में मनाया गया।तथा 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में हो रही भारत बचाओ रैली पर भी विचार आमंत्रित किए।

इस पर डॉ संजय पालीवाल ने कहा कि देश के वर्तमान हालात देखते हुए चाहे उन्नाव रेप कांड हो या संभल रेप कांड हो या दिल्ली में कल हुई आगजनी में हुई 43 मौतों पर दुख व्यक्त करते हुए सोनिया गांधी ने कार्यकर्ताओं से जन्मदिन ना मनाने की अपील की। कितना बड़ा दिल है उनका रही बात रैली में जाने की तो सभी कांग्रेसजनों से अपील की सभी अपने–अपने वाहनों से भारी संख्या में 14 तारीख को दिल्ली पहुंचे तथा रैली को कामयाब बनाएं। महानगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि सोनिया गाँधी ने जिन परिस्थितियों में कांग्रेस के अध्यक्ष पद का भार पुनः ग्रहण किया तथा कांग्रेश को संभाला आज उनके संभालने से कांग्रेस पुनःखड़ी हो गई है। तथा विपक्ष का डटकर मुकाबला कर रही हैं उनके नेतृत्व में भाजपा से पूरी लड़ाई लड़ी जा रही है।

## श्राइन प्रबंधन विधेयक को लेकर सदन में विपक्ष ने किया जमकर हंगामा

**संवाददाता**

■2533.90 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पारित

देहरादून। उत्तराखंड श्राइन प्रबंधन विधेयक 2019 को लेकर सोमवार को विपक्ष ने विधानसभा में खूब हंगामा काटा। हंगामे के चलते प्रश्नकाल नहीं चला और विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल को सात बार सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। इस दौरान विपक्षी सदस्यों ने वैल में आकर जोरदार नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। स्पीकर के अनुरोध के बावजूद विपक्षी सदस्य अपने स्थान पर नहीं बैठे और वैल में ही धरने पर बैठ गए।

विपक्ष का आरोप था कि सरकार गुपचुप ढंग से श्राइन प्रबंधन बिल सदन में ले आई और विपक्ष को विश्वास में नहीं लिया गया। विपक्ष अड़ गया कि जब तक सरकार विधेयक को वापस नहीं लेगी या उसे प्रवर समिति की नहीं भेजेगी, उसका विरोध जारी रहेगा। शोर शराबे के बीच सरकार ने श्राइन प्रबंधन विधेयक समेत दो बिल पेश किए। भोजनावकाश के बाद ध्वनिमत से 2533.90 करोड़ रुपये की अनुपूरक अनुदान मांगें समेत कुल छह विधेयक पारित कर दिए। इससे पूर्व सोमवार को जब सदन की कार्यवाही आरंभ हुई तो नेता प्रतिपक्ष डॉ. इंदिरा हृदयेश ने खेद जताया कि विपक्ष को विश्वास में लिए बिना कार्यसूची में चारधाम श्राइन प्रबंधन विधेयक को पेश कर दिया गया। कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में भी इसके बारे में चर्चा नहीं हुई। उन्हें व कांग्रेस सदस्यों को बिल की प्रति तक उपलब्ध नहीं कराई गई। उन्होंने बिल वापस लेने की मांग की। इस पर संसदीय कार्यमंत्री मदन कौशिक ने कहा कि सरकार चर्चा करने को तैयार है, लेकिन नेता प्रतिपक्ष किस नियम के तहत ये मामला उठा रही हैं? उनके इतना कहते ही कांग्रेस विधायक मनोज रावत वैल में आ गए। उनके पीछे विधायक गोविंद सिंह कुंजवाल, करन माहरा, हरीश धाम, राजकुमार, फुरकान अहमद, ममता राकेश व आदेश गुप्ता भी वैल पहुंच गए। बाद में विधायक प्रीतम सिंह भी विरोध में शामिल हो गए।

सरकार ने हंगामे के बीच दंड प्रक्रिया संहिता संशोधन विधेयक व चारधाम श्राइन प्रबंधन विधेयक सदन में पटल पर रखा। विपक्ष का विरोध जारी रहा।